दिव्य विश्रान्ति के लोक में वास करो

बाबा मुक्तानन्द की महासमाधि के सम्मान में आयोजित
सिद्धयोग सत्संग के अपने अनुभव बताएँ

शनिवार, ३१ अक्टूबर २०२० की पूर्णिमा को विश्वभर के सिद्धयोगियों व नए साधकों ने बाबा मुक्तानन्द की महासमाधि की ३८वीं पुण्यतिथि का स्मरणोत्सव मनाते हुए श्रीगुरुमाई के साथ सिद्धयोग महोत्सव सत्संग में भाग लिया। इस सत्संग का शीर्षक था, 'दिव्य विश्रान्ति के लोक में वास करो'। यह सत्संग श्री मुक्तानन्द आश्रम के भगवान नित्यानन्द मन्दिर से सीधे वीडिओ प्रसारण द्वारा सिद्धयोग वैश्विक हॉल में सम्पन्न हुआ।

आप में से जिन लोगों ने इस सत्संग में भाग लिया वे इस सत्संग के अपने अनुभव पर व इसमें प्राप्त अन्तर्दृष्टियों पर मनन कर उन्हें अभिव्यक्त कर रहे होंगे। इस पृष्ठ पर आप अपने अनुभवों को बता सकते हैं और आप दूसरों के अनुभवों को भी पढ़ सकते हैं कि इस अविस्मरणीय सत्संग में भाग लेने का उनका अनुभव कैसा था।

© २०२० एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।